तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय मुज़फ़्फ़रनगर
विद्यालय ई-पत्रिका
सत्र 2022-23

Ph No.: 0131-2620297
E-mail Id: kvmzn6@gmail.com
Website: muzaffarnagar.kvs.ac.in

संपादक मण्डल

मुख्य संरक्षक

श्री शेक ताजुद्दीन

उपायुक्त,

के.वि.सं. , आगरा संभाग

संरक्षक

श्री ब्रिजेशपाल सिंह

प्राचार्य , के.वि. मुज़फ्फरनगर

प्रधान संपादक

ओम प्रकाश

स्नातकोत्तर शिक्षक

संपादक

1. श्री आदेश कुमार , स्नातकोत्तर शि.
2. श्रीमती शिखा, प्र.स्ना. शि.
3. श्रीमती भावना शर्मा , प्र.स्ना. शि.
4. श्रीमती भारती कोली, प्र.स्ना. शि.
5. सुश्री निधि, प्राथमिक शि.
6. श्रीमती वैशाली, संविदा शि.

विद्यार्थी संपादक

1. कु. वैष्णवी 12 'अ'
2. कु. पलक वर्मा 12 'स'
3. कु. पायल 11 'अ'
4. कु. वंशिका त्यागी 11 'ब'

साज सज्जा एवं कवर

श्री दुष्यन्त कुमार

अरविन्द मल्लप्पा बंगारी आई. ए. एस.

जिला मजिस्ट्रेट
एवं
अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति
केन्द्रीय विद्यालय, मुज़फ़्फ़रनगर

संदेश.....

विद्यालय वह पावन स्थल है, जहाँ देश का भविष्य सजता-सँवरता है ।

वास्तव में शिक्षा का उद्देश्य छात्र-छात्राओं का शारीरिक एवं मानिसक विकास करते हुए, समाज का संवेदनशील नागरिक बनाना है। यह तभी संभव हो सकता है, जब उनको व्यक्तिगत एवं सामूहिक क्रियाकलापों में प्रतिभागिता हेतु अवसर दिया जाता है। मुझे बेहद प्रसन्नता है कि केन्द्रीय विद्यालय मुज़फ़्फ़रनगर वार्षिक ई-पत्रिका 'किसलय' के माध्याम से विद्यार्थियों में सृजन कौशल के विकास हेतु सक्रिय है। विद्यालय का यह प्रयास विद्यार्थियों को रचनानात्मकता की ओर ले जायेगा , जहाँ कविता, कहानी, निबंध, यात्रा साहित्य, अनुच्छेद लेखन एवं चित्रकला का सृजन होगा । विद्यालय ई-पत्रिका निश्चित रूप से विद्यार्थियों की अंतर्निहित योग्यताओं का प्रतिबिंब होगी।

विद्यालय के प्राचार्य, सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शिक्षार्थियों को विद्यालय ई-पत्रिका के सफल प्रकाशन की असीम शुभकामनाएँ ।

स्वामी विवेकानंद जी के शब्दों में –

"उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए।"



अरविन्द मल्लप्पा बंगारी (आई. ए. एस.)

जिला मजिस्ट्रेट
एवं
अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति
केन्द्रीय विद्यालय, मुज़फ़्फ़रनगर

ब्रिजेशपाल सिंह
प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय, मुज़फ़्फ़रनगर

संदेश.....

प्रसन्नता का विषय है कि सत्र 2022-23 की विद्यालय पत्रिका का ई- प्रकाशन करते हुए मैं स्वयं को गौरवान्वित अनुभव कर रहा हूं। यह पत्रिका बाल कलाकारों एवं शिक्षाविदों की भावनाओं, विचारों एवं अंतर्निहित क्षमताओं का साकार स्वरूप है। विद्यालय पत्रिका विद्यालय की शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक विभिन्न गतिविधियों का दर्पण होती है। विद्यार्थियों को अधिगम के समान अवसर उपलब्ध कराना एवं उनमें निहित योग्यताओं का विकास करने के लिए विद्यालय अनवरत प्रयत्नशील है। आज का विद्यार्थी आने वाले कल का आदर्श नागरिक है , राष्ट्र का गौरव है । अत: शिक्षार्थियों का सर्वांगींण विकास करना हमारा प्रथम कर्तव्य है।

विद्यालय पत्रिका का उद्देश्य शिक्षार्थियों की सृजनात्मक क्षमताओं एवं योग्यताओं को मंच उपलब्ध कराना है । प्रस्तुत पत्रिका में प्रकाशित बाल रचनाकारों की रचनाएं निश्चित रूप से हिन्दी, संस्कृत एवं अंग्रेजी साहित्य की विभिन्न विधाओं का रसपान कराने में सक्षम होंगी।

विद्यार्थियों की सृजनात्मक शक्ति संवेदन शीलता, कल्पना, एकता ,राष्ट्र प्रेम एवं विश्व बंधुत्व की भावना से समन्वित है। छात्र-छात्राओं की अप्रतिम प्रस्तुतियों गतिविधियों एवं कलाकृतियों को सभी सुधी पाठकों की सहज संवेदना स्वरूप स्नेह सुलभ होगा , ऐसा मेरा सहज विश्वास है।

विद्यालय ई- पत्रिका के प्रकाशन में जिन शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहयोग रहा है, वे सभी साधुवाद के पात्र हैं। सभी शिक्षार्थियों को सुन्दर,सुखद,सफल एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं ।

कबीरदास जी के शब्दों में –
"जिन खोजा तिन पाईया, गहरे पानी पैठ ।
मैं बौरा डूबन डरा, रहा किनारे बैठ ।।"

प्राचार्य/Principal
केन्द्रीय विद्यालय
Kendriya Vidyalaya
मुजफ्फरनगर (उ० प्र०)
Muzaffarnagar (U.P.)

बृजेशपाल सिंह
प्राचार्य

ओम प्रकाश गोस्वामी

स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी)

केन्द्रीय विद्यालय, मुज़फ़्फ़रनगर

संपादक की कलम से...

विद्यालय पत्रिका शिक्षण एवं शिक्षणेतर विद्यालयी क्रियाकलापों का प्रतिबिंब होती है, जिससे विद्यार्थियों की शारीरिक एवं मानसिक दक्षताओं का पता चलता है। विद्यालय पत्रिका के माध्यम से विद्यार्थियों की कल्पना शक्ति, सृजनात्मकता एवं संवेदनशीलता के भाव का विकास कर उनको समुचित दिशा प्रदान करते हुए समाज का आदर्श नागरिक बनाना है।

प्रस्तुत पत्रिका में विद्यार्थियों ने हिन्दी, संस्कृत एवं अंग्रेजी भाषा में साहित्य की विभिन्न विधाओं जैसे कि कहानी, कविता ,अनुच्छेद, यात्रा साहित्य, पर्यावरण परक लेख / रचना द्वारा रचनात्मकता का परिचय दिया है, जिनसे सहयोग, सम्मान, स्नेह, सत्य , स्वच्छता,पर्यावरण संरक्षण, एकता, अखंडता, करुणा, अहिंसा , भाईचारा एवं देश प्रेम की भावना का संदेश मिलता है।

मैं सुधी पाठकों से अनुरोध करना चाहूंगा कि रचनाओं को पढ़कर उनमें निहित संवेदनाओं को अंगीकार करते हुए त्रुटियों को नज़र अंदाज कर बाल कलाकारों को अपना शुभाशीष प्रदान करें।

अंत में, मैं प्राचार्य महोदय श्री ब्रिजेशपाल सिंह जी का हार्दिक साधुवाद करता हूं, जिनका समय-समय पर समुचित मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा । मैं संपादक मंडल एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का भी धन्यवाद ज्ञापन करता हूं ,जिनके अथक प्रयास से ई-पत्रिका प्रकाशन कार्य समय पर संभव हो सका।

सभी बाल कलाकारों का हार्दिक आभार एवं अभिनंदन ।

ओम प्रकाश गोस्वामी
स्नातकोत्तर शिक्षक
(हिन्दी)

विद्यालय के होनहार

AGRIEMA SHRIVASTAVA XII (SCIENCE)	PANTH UPADHYAY XII (SCIENCE)	ANMOL GAUTAM XII (SCIENCE)
96.0 %	93.2 %	91.4 %

NAINA DHIMAN XII (COMMERCE)	NATANSH GOEL XII (COMMERCE)	VAIDIK NAGWAN XII (COMMERCE)
90.6 %	86.4 %	84.0 %

HARSH KUMAR LATIYAN X	KANISHK CHHINDRA X	SAKSHAM BHARDWAJ X
93.0%	89.2 %	89.2 %

हिन्दी अनुभाग

माँ

माँ एक आशीर्वाद है , भगवान का दिया हुआ।
जो अपने बच्चों को , प्यार देती है बहुत ज्यादा।
माँ अपने बच्चों का पालन पोषण करती है। ,
वह बच्चों को , हर मुश्किल से बचाती है।
अपने हिस्से का निवाला भी बच्चों को दे देती है। ,
माँ अपने बच्चों को हर हाल में खुश देखना चाहती है। ,
खुद से ज्यादा बच्चों का सुख चाहती है। ,
वह अपने परिवार को हर मुसीबत से बचाना चाहती है।
इसलिए माँ जैसा दुनिया में कोई नहीं हो सकता है।
माँ तो माँ होती है बच्चों का संसार होती है।

अंशिका
कक्षा - 12'ब' (रमन सदन)

समय

चलते रहो समय के साथ,
रहोगे हमेशा जीत के पास।
पर इतना भी न व्यस्त रहो तुम,
समय निकालो अपनी खातिर।
बैठो अपने मित्रों के साथ,
घूमो फिरो मौज करो तुम ,
पर चलें हमेसा समय के साथ।
जो न समझे समय की कीमत,
उसको समय है खुद समझाता।
जो समझ गया समय की कीमत,
उसने सफल किया ये जीवन।
रात है तो सुबह भी आएगी,
ये समय तो चलता जाएगा।
न रुकेगा , न थमेगा,
ये तो बस चलता जाएगा।

छवि
कक्षा - 12'स' (टैगोर सदन)

के.वि. मुजफ्फरनगर

मेरे पापा

तुम चलो , तो मैं चलूँ।
धूप में छाँव हो तुम ,
मेरा हौसला हो तुम।
हो जो मुझे सबसे प्यारे,
तुम हो सबसे जुदा , सबसे न्यारे।
मेरी जमीं,मेरा आसमान हो तुम ,
रूँठ जाऊँ तो प्यार से मना लेते हो ,तुम।
जब होते हो मेरे आस, पास-
दिन हो या रात , हर पल हो जाता खास।

पलक वर्मा
कक्षा - 12'स' (टैगोर सदन)

वो स्कूल का पहला दिन

याद हमको आता है आज भी वो दिन,
स्कूल का हमारा वह ऐसा पहला दिन।
खुशी थी इतनी कि सोए नही रातभर-,
उठ गऐ जल्दी मम्मी पापा भी उस दिन।।

सुबह- सुबह की किरणें ये प्यारी प्यारी,
टनटन घंटी बजी- विद्यालय में हमारी।
दौड़ दौड़ कर बच्चे प्रार्थना स्थल आए
सामूहिक प्रार्थना हुई बच्चों की सारी।।

अनुशासन का महत्व गुरु ने समझाया,
कक्षा में बिठाकर व्यंजन ज्ञान कराया।
स्वर और गिनती हमें बोलकर सुनाया,
अनेंको अनुभवों का हमें ज्ञान कराया।।

वैष्णवी
कक्षा – 12 'अ' (शिवाजी सदन)

के.वि. मुजफ्फरनगर

तू अपनी ख़ूबियाँ ढूँढ़

कमिया निकालने के लिए लोग है ना...
अगर रखना है कदम तो आगे रख,
पीछे खींचने के लिए लोग हैं ना...
सपना देखना है तो ऊंचे देख
नीचा दिखाने के लिए लोग हैं ना...
तू अपने अंदर जुनून की चिंगारी भड़का
जलने के लिए लोग हैं ना...
प्यार करना है तो खुद से कर
नफ़रत करने के लिए लोग हैं ना...
तू अपनी अलग पहचान बना
भीड़ में चलने के लिए लोग हैं ना...
तू कुछ करके दिखा दुनिया को
कि तू कुछ करके दिखा दुनिया को...
तालियां बजाने के लिए लोग हैं ना..

हर्षित बैनिवाल
कक्षा – 12 'ब' (शिवाजी सदन)

यादें

मायूस चेहरे पर, मुस्कान ले आती हैं,
यादें भी कमाल हैं, फिर जिंदा कर जाती हैं।
बस चाहिए इन्हें, फुर्सत के दो पल ,
यादें भी कमाल हैं, दौड़ी चली आती हैं।
कभी खुशियाँ, तो कभी ग़म याद दिलाती हैं,
यादें भी कमाल हैं ,आंखें भिगा जाती हैं।
गुज़र जाता है दिन, बीते वक्त की गलियों में ,
यादें भी कमाल हैं, लम्हे चुरा ले जाती हैं।
बिखरे हुए मन को, एक नयी उम्मीद देकर,
आगे बढ़ने का, नया रास्ता दिखा जाती हैं।
ये यादें भी कभी,कभी- जीना सिखा जाती हैं !!

देवांशी
कक्षा - 12'ब' (अशोक सदन)

के.वि. मुज़फ़्फ़रनगर

मित्र

बचपन में तो नादान होते हैं, मन लगने पर ही मिलते हैं,
ना मिलने पर याद करते हैं, मिल जाए, तो मस्ती करते हैं ॥
दिल की बात, सब उनसे करते हैं, तुम्हारे दुःख देखकर, वो रोते हैं,
हमेशा तुम्हारे साथ चलते हैं, दिल का भार कुछ कम करते हैं ॥
जब मिलते हैं, हंस के मिलते हैं, दिल से यही तो, हमें स्नेह करते हैं,
सही गलत, यह ना पहचानते हैं, पर भेद दिलों के सब जानते हैं ॥
यह भाई से बढ़कर होते हैं, मां बाप के दूसरे बेटे होते हैं,
कुछ भी कह दो, न रूठते हैं, जीवन के पूरक होते हैं ॥
सच कहने से, संकोच ना करते हैं, परिवार के, अभिन्न अंग होते हैं,
नए मित्र तो, जुगनू की तरह होते हैं, पर पुराने तो, सच्चे मोती होते हैं ॥
किस्मत वालों को ही मिलते हैं, जीवन सहज सरल, करते हैं,
मुसीबत में मदद करते हैं, हताशा में भी, मुस्कान ला देते हैं ॥
गुस्से में भी, अपने होते हैं, दुख में, यह कंधे होते हैं,
तुम्हारी खुशी में यह तुमसे ज्यादा खुश होते हैं,
सही में यही तो शरीर के हृदय होते हैं ॥
नहीं है, जिनके पास उनसे पूछो, मित्र, आखिर क्या होते हैं ?
जिनके पास हैं वह कहेंगे, अच्छे मित्र, तो बहुत प्यारे होते हैं ॥

देवांशी

कक्षा 12 -'ब' (अशोक सदन)

शिक्षक दिवस

हर साल हम 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाते हैं। शिक्षक हमें न सिर्फ ज्ञान का प्रकाश देते हैं बल्कि अच्छे बुरे की पहचान करने की शिक्षा प्रदान करते है। हमारे मन के अन्धकार को भी दूर करते हैं। किसी भी राष्ट्र के निर्माण और उसकी संस्कृति की रक्षा करने में भी शिक्षक एक अहम भूमिका निभाते हैं।

इस दिन भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति बुद्धिजीवी सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन का जन्म हुआ था। वह स्वयं इस . देश के एक महान शिक्षक थे। शिक्षक की उपासना सदियों पहले गुरुकुल सेचली आ रही है।

शिक्षक समाज का निर्माता होता है। इनकी तुलना देवता से भी की जा सकती है, जो हमेशा ही मानव कल्याण में लगे रहते थे। इस अवसर पर देश भर में सबसे योग्य और शिक्षा के प्रति समर्पित शिक्षकों को केंद्र सरकार विशेष रूप से सम्मानित करती है। यह सम्मान पाकर शिक्षकों का मनोबल बढ़ता है।

नतांश गोयल

कक्षा 12 -'स'

कवि . मृत्युंजय

सामान्य ज्ञान

भारत के गृह मंत्री - अमित शाह जी
रेल मंत्री -श्री अश्वनी वैष्णव जी
नागरिक उड्डयन मंत्री -श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी
सड़क परिवहन मंत्री -श्री नितिन गडकरी जी
विदेश मंत्री -डॉ एस जयशंकर जी
रक्षा मंत्री -श्री राजनाथ सिंह जी
वित्त मंत्री -श्रीमति निर्मला सीतारमण जी
मुख्य न्यायधीश - (सीजेआई)जस्टिस डीवाई चंद्र चूड़ जी
कृषि मंत्री -श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी
कानून मंत्री -श्री अर्जुन राम मेघवाल जी
महिला - बाल विकास मंत्री/श्रीमती स्मृति ईरानी जी
जल शक्ति मंत्री -श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जी
भारत के राष्ट्रपति -श्रीमति द्रौपदी मुर्मू जी
प्रथम महिला राष्ट्रपति -श्रीमती प्रतिभा देवीसिंह पाटील जी
भारत के उपराष्ट्रपति -श्री जगदीप धनखड़ जी
राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार -श्री अजीत डोभाल जी

अंकित मिश्रा
कक्षा 12 -'स'

मेरी मसूरी यात्रा

इस बार गर्मियों की छुट्टी में मैं अपने परिवार के साथ मसूरी घूमने गई। मसूरी को पहाड़ों की रानी भी कहा जाता है। मसूरी में घूमने की बहुत सारी जगह है। सबसे पहले हम माल रोड गए ,जहां बहुत बड़ी मार्केट थी। माल रोड की बात चौराहे पर गांधी जी की प्रतिमा देखी जहां चौराहे पर ऊपर से नीचे की ओर का नजारा बहुत अद्भुत था।, उसके बाद हम कंपनी गार्डन गए।
जहां तरह तरह के फूल देखें। झरना भी देखा और हम झूले में झूले। कई रंग के गुलाब के फूल देखें। उसके बाद हम झील पर गए वहां पर हमने नाव भी चलाई। झील में बहुत सारी बत्तख थी। वापसी पर हम भट्टा फॉल भी गए जहां पर हमने रोपवे ट्रॉली की भी यात्रा की और नीचे जाकर बहुत सारी चीजें देखी।
इस बार गर्मियों की छुट्टियां बहुत मजेदार रही। मैं दोबारा मसूरी जाना चाहूंगी।

उम्मेहानि
कक्षा - 6 'अ'

के.वि. मुज़फ़्फ़रनगर

प्रयास

क्यों तेरी आंखों में ये व्यथा का अंधेरा है?
तू पहला मानव तो नहीं जिसे दुखों ने घेरा है।
यही तो जीवन का सत्य है,
इसमें दुख आते नित्य है।
तू दुखरूपी कलश में छिपे,
सुख के अमूल्य मोती निकाल!
खुद तय कर अपने जीवन का हाल !
उनके मुख न ताक जिन्होंने ,जाना तुझे अमूल्य है,
यह तो समय बतलाएगा, कि तू स्वर्ण तुल्य है।
पर स्वर्ण सा बनने के लिए, जलना तेरा भाग्य है,
जिस भांती साधु की कला उसका तप और वैराग्य है।
तू शक्ति का भंडार है, इस क्षणिक दुख में न सिमट!
तू कर प्रतीक्षा समय की, लेने दे उसे करवट,
कि जब समय अनुकूल हो, पत्थर भी तब तिर जाते है,
सैंकड़ों पहरो में भी पथिक को, रास्ते मिल जाते है।
तू फल की चिंता न कर,
न कर किसी की सफलता से द्वेष,
तेरा कर्म, तेरा भाव ही होगा तेरे जीवन में शेष।
जो आज रास्ता न मिला, क्या कल भी न दिख पाएगा,
तू शील बन, तेरे समक्ष, न कोई भँवर टिक पाएगा।

नैना
कक्षा - 12'अ'

मेरा अभिमान है पिता

कभी अभिमान तो कभी स्वाभिमान है पिता,
कभी धरती तो कभी आसमान है पिता।
जन्म दिया है अगर माँ ने,
जानेगा जिससे जग वो पहचान है पिता।
कभी कंधे पे बिठा के मेला दिखाता है पिता,
कभी बनके घोड़ा घुमाता है पिता।
माँ अगर पैरों पर चलना सिखाती है,
पैरों पर खड़ा होना सिखाता है पिता।

रिधिमा चौधरी (दसवीं 'अ')

अनुशासन

ये हमारी प्रकृति हैं जो नियम सिखाती है,
कभी सोचो ! कि नियम से पृथ्वी न घूमती,
सोचो ! कि नियम से कभी हवा ना चलती,
अगर सूरज नियम से कभी ना उदय होता,
जीवन तब हमारा बिलकुल बेकार हो जाता,
बिना हवा, सूरज के जीवन हमारा खो जाता,
हमारी फसल भी कभी अच्छी ना होती,
कभी भी मिलती न हमें खाने को रोटी,
जिंदगी में हर काम करने के लिए नियम जरुरी है,
बिना नियम के काम करने से हर बात अधूरी है,
नियम ना मानने वाला कभी न कर पाता शासन,
नियम से काम करना ही होता है अनुशासन।
नियम से सोना, नियम से जागना,
हमारे शरीर को स्वस्थ बनाता है,
जो मानव अनुशासन से चलता है,
उसके भविष्य में हमेशा सफलता है,
बिना नियम के काम करने का कभी न करो अभिमान,
नियम से काम न करने वाला होता है परेशान,
जीवन दुखों से भर जाता है तब,
बिना नियम के काम को पूरे करने की करते हो आस जब,
अनुशासन जिंदगी जीना सिखाता है,
हर फरमाइश पूरी तरह पूरा करता है,
ज़िन्दगी में हमेशा सबसे ऊपर रहता है,
जो अपने जीवन को अनुशासित करता है,

वरदान शर्मा
कक्षा - 12'ब'

मेरी माँ

प्यारी प्यारी मेरी माँ, सारे जग से न्यारी माँ।
लोरी रोज सुनाती है, थपकी दे सुलाती है।
जब उतरे आँगन में धूप, प्यार से मुझे जगाती है।
देती चीजें सारी माँ, प्यारी प्यारी मेरी माँ।
उंगली पकड़ चलाती है, सुबह शाम- घुमाती है।
ममता भरे हुए हाथों से, खाना रोज खिलाती है।
देवी जैसी मेरी माँ, सारे जग से न्यारी माँ।
प्यारी प्यारी मेरी माँ, प्यारी प्यारी मेरी माँ।

पारस त्यागी – 6 'अ'

टाइगर ऑफ द्रास

कैप्टन अनुज नय्यर का जन्म अगस्त 28, .के .को दिल्ली में हुआ। उनके पिता एस 1975क नय्यर प्रोफेसर थे जबकि माता मीना नय्यर दिल्ली विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में काम करती थीं। अनुज नय्यर बचपन से ही बहादुर थे। डर नाम की चीज तो उनमें थी ही नहीं। उनकी माता के अनुसार, वह स्कूल में भी लीड करता था। पढ़ाई के साथ खेल में भी वह आगे रहता था। उसे शुरू से सेना और गन को लेकर दिलचस्पी रही थी। उसके दादा भी सेना में थे, उनसे वह काफी जुड़ा हुआ था। एक हादसे को याद करते हुए वे बताती हैं कि एक बार अनुज को चोट लग गई थी। घाव गंभीर था, उसके शरीर में टांके लगे थे। तब अनुज ने एनेस्थीसिया का 22 इंजेक्शन लिए बिना ही ऑपरेशन करा लिया था। उसकी बहादुरी देखकर डॉक्टर भी अचंभित रह गए थे।

12वीं के बाद पहले ही प्रयास में अनुज नय्यर एनडीए के लिये चुन लिये थे। तब होटल मैनेजमेंट और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी में भी उनकी अच्छी रैंक आई थी, लेकिन उन्होंने भारतीय सेना को चुना। साल 1993 में उनकी ट्रेनिंग शुरू हुई और 1997 में उनको कमीशन मिला। दो साल बाद यानी में 1999 कारगिल की जंग छिड़ गई और अनुज को जंग के लिए बुलावा आ गया।

इंडियन मिलिट्री एकेडमी से ग्रेजुएट होने के बाद बटालियन जाट रेजिमेंट में जुनियर ऑफिसर के पद पर 17 कैप्टन अनुज नय्यर को कारगिल, जम्मू और कश्मीर में पोस्टिंग मिली। फिर समय आया कारगिल युद्ध का, जिसकी शुरूआत हुई में 1999 में। कैप्टन अनुज नय्यर की पोस्टिंग उस दौरान कारगिल में ही थी। 1999 पाकिस्तानियों की लगातार भारत के कारगिल में गतिविधियां बढ़ने लगी थीं। स्थिति के बिगड़ने की जानकारी मिलते ही भारत सरकार ने 'ऑपरेशन विजय' चलाया ताकि जल्द से जल्द पाकिस्तानियों को भारत की सीमा से खदेड़ा जा सके। कैप्टन अनुज नय्यर जो उस समय जाट रेजिमेंट के जुनियर कमांडर थे 17, सैनिकों के साथ कारगिल युद्ध क्षेत्र की ओर प्रस्थान के लिए आगे बढ़े। उन्हें प्वाइंट पर भारत का वापस 4875 पर कब्जा करना उसकी स्ट्रैटेजिक लोकेशन की वजह से सबसे 4875 कब्जा हासिल करना था। प्वाइंट महत्वपूर्ण था। जिस पर कब्जा करने के लिए विक्रम बत्रा को भी भेजा गया था। टाइगर हिल पर वापस भारत पर भारत का कब्जा हासिल करना जरूरी था। 4875 का कब्जा पूरी तरह से कायम करने के लिए प्वाइंट पर चार्ली कंपनी पर कब्जे का जिम्मा था। इस अभियान पर चार्ली कंपनी के कमांडर के घायल 4875 प्वाइंट होने के कारण इसकी कमांड विक्रम बत्रा और कैप्टन अनुज नय्यर के हाथ आई। इन्होंने टीम को दो हिस्सों में विभाजित किया और हमले की योजना की। प्वाइंट पाकिस्तानी घुसपैठियों के कई बंकर थे जिन्हें 4875 नष्ट करना अति आवश्यक था। कैप्टन अनुज नय्यर की टीम अभियान के लिए आगे बढ़ने लगी लेकिन लगातार पाकिस्तानी घुसपैठियों की तरफ से भारी गोलाबारी हो रही थी। जिसके लिए अनुज नय्यर की टीम ने काउंटर अटैक किया। उनके इस काउंटर अटैक ने पाकिस्तानियों को पीछे हटने पर मजबूर किया। अपने इस अटैक के दौरान अनुज नय्यर ने मशीनगन बंकरों को भी नष्ट 3 पाकिस्तानियों को मार गिराया और 9 बंकरो को सफलतापूर्वक तबाह कर दिया 3 में से 4 किया। उनकी टीम ने, लेकिन 4 नंबर बंकर को नष्ट करने के दौरान दुश्मनों की तरफ से दागे गए ग्रेनेड से कैप्टन अनुज नय्यर को टक्कर लगी। गंभीर रूप से घायल होने के बाद भी उन्होंने अपनी बची हुई टीम के साथ हमला जारी रखा। उनकी टीम का कोई सदस्य इस अभियान में नहीं बच पाया और कैप्टन अनुज नय्यर भी वीरगती को प्राप्त हुए। लेकिन दो दिन बाद ही प्वाइंट पर चार्ली कंपनी की विक्रम बत्रा के नेतृत्व वाली टीम ने भारत का वापस कब्जा हासिल किया। 4875

कैप्टन अनुज नय्यर के प्वाइंट पर भारत के वापस कब्जे के अभूतपूर्व योगदान को भारत कभी नहीं 4875 साल की उम्र मे 24 भूला पाएगा। कैप्टन अनुज नय्यर ने दुश्मनों के सामने अत्यधिक साहस और धैर्य का परिचय दिया, जिसे भारत नमन करता है। उनके इस योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें 'महावीर चक्र' से सम्मानित किया।

कनिष्क चौधरी – 12 'अ'

19 ऊंटों की कहानी - 🐫

एक गाँव में एक व्यक्ति के पास 19 ऊंट थे। एक दिन उस व्यक्ति की मृत्यु हो गयी। मृत्यु के पश्चात वसीयत पढ़ी गयी। जिसमें लिखा था कि मेरे 19 ऊंटों में से आधे मेरे बेटे को,19 ऊंटों में से एक चौथाई मेरी बेटी को, और 19 ऊंटों में से पांचवाँ हिस्सा मेरे नौकर को दे दिए जाएँ। सब लोग चक्कर में पड़ गए कि ये बँटवारा कैसे हो ?
19 ऊंटों का आधा अर्थात एक ऊँट काटना पड़ेगा, फिर तो ऊँट ही मर जायेगा। चलो एक को काट दिया तो बचे 18, उनका एक चौथाई साढ़े चार - साढ़े चार, फिर?
सब बड़ी उलझन में थे। फिर पड़ोस के गांव से एक बुद्धिमान व्यक्ति को बुलाया गया। वह बुद्धिमान व्यक्ति अपने ऊँट पर चढ़ कर आया, समस्या सुनी, थोड़ा दिमाग लगाया, फिर बोला इन 19 ऊंटों में मेरा भी ऊँट मिलाकर बाँट दो।
सबने सोचा कि एक तो मरने वाला पागल था, जो ऐसी वसीयत कर के चला गया, और अब ये दूसरा पागल आ गया जो बोलता है कि उनमें मेरा भी ऊँट मिलाकर बाँट दो। फिर भी सब ने सोचा बात मान लेने में क्या हर्ज है।
19+1=20 हुए।
20 का आधा 10, बेटे को दे दिए।
20 का चौथाई 5, बेटी को दे दिए।
20 का पांचवाँ हिस्सा 4, नौकर को दे दिए।
10+5+4=19 ऊँट
बच गया एक ऊँट, जो बुद्धिमान व्यक्ति का था |वो उसे लेकर अपने गाँव लौट गया। इस तरह 1 ऊँट मिलाने से, बाकी 19 ऊँटों का बंटवारा सुख, शांति, संतोष व आनंद से हो गया। हम सब के जीवन में भी 19 ऊंट होते हैं। 5 ज्ञानेंद्रियाँ (आँख, नाक, जीभ, कान, त्वचा(, 5 कर्मेन्द्रियाँ (हाथ, पैर, मुख, मूत्र द्वार, मलद्वार(, 5 प्राण (प्राण, अपान, समान, व्यान, उदान(और 4 अंतः करण (मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार(मिलाकर कुल 19 ऊँट होते हैं। सारा जीवन मनुष्य इन्हीं 19 ऊँटों के बँटवारे में उलझा रहता है और जब तक उसमें मित्र रूपी ऊँट नहीं मिलाया जाता, यानी के दोस्तों के साथ, सगेसंबंधियों के साथ जीवन नहीं जिया जाता-, तब तक सुख, शांति, संतोष व आनंद की प्राप्ति नहीं हो सकती।

स्वस्ति
कक्षा 12 -'ब'

वीर सपूत विक्रम बत्रा

जब तूने देखा तेरी भारत मां पर आया खतरा, जान अपनी दांव पर लगा दी,
वीर सपूत तू विक्रम बत्रा।, तू है देश का वीर सिपाही,
तूने सीने पर गोली खाई।
देश की आन बचाने को है, तूने अमर गति पाई है।
भारत मां का लाल है तू, वीर सपूत तू विक्रम बत्रा।
शेरशाह कहलाता था तू, मन का थोड़ा मौजी था।
देश भक्ति के भाव से भरा, तू ही था एक सच्चा फौजी।

धैर्य शर्मा
कक्षा - 6 'अ'

गुमनाम वीर सिपाही सेनानी -

हमारे देश को आजाद हुए 75 साल हो चुके हैं, लेकिन आज हम किसी भी बच्चे से पूछे कि भारत को आजादी किसने दिलाई? सब का जवाब महात्मा गांधी होगा, हो भी क्यों ना, हर जगह गांधी जी का नाम ही तो है। लेकिन, क्या केवल गांधीजी ने ही देश को आजादी दिलाई। नहीं, केवल गांधी जी ने ही देश को आजादी नहीं दिलाई। उनके पीछे पीछे और भी लोगों ने उनका सहयोग किया। सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, सरदार पटेल, बटुकेश्वर दत्त, मंगल पांडे, लाला लाजपत राय, लोकमान्य तिलक, गोविंद वल्लभ पंत, राम प्रसाद बिस्मिल, रास बिहारी बोस, रानी लक्ष्मीबाई जैसे ना जाने कितने स्वतंत्रता सेनानियों ने गुलामी की मजबूत दीवार पर वार कर कर के उसे कमजोर कर दिया। फिर कुछ स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष की बदौलत वह दीवार ढह गई और तब जाकर हमें मिली। वह आजादी'आजादी', जिसके लिए न जाने कितनों ने अपना खून बहाया, कितनों ने अपना सर कटवाया, और कितनों ने फांसी के फंदे को फूलों की माला समझकर अपने गले में डाल लिया। न जाने कितने परिवार, कितने बच्चे अनाथ हो गए होंगे। क्या उन्होंने इसके बारे में सोचा। उनके जहन में केवल एक चीज थी और वो थी। इन गुमनाम लोगों'आजादी' – की बहादुरी पर किसी ने क्या खूब लिखा है

जो शहीदों को करना नमन छोड़ दे,
उसे जाकर यह कह दो, कि वह वतन छोड़ दे।
जिसको नहीं है इस मिट्टी से प्यार,
इस मिट्टी में होना वह दफन छोड़ दे।

क्या केवल कुछ लोगों की बदौलत हमें आजादी मिली? नहीं, इसके पीछे बहुत से गुमनाम सैनिक और स्वतंत्रता सेनानियों का योगदान है। साहित्यकारों, लेखकों और कवियों का भी इसमें विशेष योगदान है। कुछ ऐसे लोग थे, जिन्होंने हर समय केवल आजादी के बारे में सोचा। गांधीजी का दल हमेशा चुप रहा, अंग्रेज फायदा उठाते रहे। लेकिन इन गुमनाम लोगों के विद्रोह ने इन अंग्रेजों को हिला कर रख दिया। एक गुमनाम वकील से स्वतंत्र सेनानी बने वल्लभ भाई पटेल को की उपाधि किसानों ने दी थ 'सरदार'ी। ब्रिटिश हुकूमत में आईसीएस की नौकरी को लात मारने वाले सुभाष चंद्र बोस को नेताजी की उपाधि आम जनता ने दी थी।'

यह बात हमेशा से चली आ रही है कि इंसान नाम से नहीं कर्म से ऊंचा होता है, और यही सिद्ध कर दिखाया इन गुमनाम सिपाहियों ने। यह लोग नाम से जरूर छोटे थे, लेकिन आजादी में इनकी बहुत बड़ी भूमिका थी। लेकिन इनका नाम कोई नहीं जानता। अगर ये वीर गुमनाम सैनिक नहीं होते तो हम शायद आज भी गुलाम होते।

धन्यवाद।

विशेष मिश्रा
कक्षा - 9 'ब' (शिवाजी सदन)

माँ

माँ तो जन्नत का फूल है, प्यार करना उसका उसूल है,
दुनिया की मुहब्बत फ़िज़ूल है, माँ की हर दुआ कुबूल है,
ए इंसान माँ को नाराज़ करना.....
तेरी भूल है
माँ के कदमो की मिट्टी ,जन्नत की धूल है|

वंदिता राज - 8 'अ' (अशोका सदन)

विद्यालय में जाना सीखो

विद्यालय में जाना सीखो ,
गाने को गाना सीखो !
कपड़े ठीक से पहनना सीखो ,
ईमानदार तुम बनना सीखो !
सच्चा आदमी तुम बनना सीखो,
पानी को बचाना सीखो !
पेड़ों को लगाना सीखो,
गम को भुलाना सीखो !
खुशियों को बांटना सीखो,
सब को हँसाना सीखो !
बहती हुई नाव को पार लगाना सीखो,
हार को जीत में बदलना सीखो !
गलतियों को सुधारना सीखो ! !

आरुष कुमार
कक्षा – 10 'अ'

वो है मेरी माँ

मेरे सर्वस्व की पहचान,
अपने आँचल की दे छाँव !
ममता की वो लोरी गाती,
मेरे सपनों को सहलाती !
गाती रहती, मुस्कराती जो,
वो है मेरी माँ.....

प्यार समेटे सीने में जो,
सागर सारा अश्कों में जो !
हर आहट पर मुड़ आती जो,
वो है मेरी माँ.....

दुख मेरे को समेट ले जाती,
सुख की खुशबू बिखेर जाती !
ममता का रस बरसाती जो,
वो है मेरी माँ.....

रिधिमा चौधरी
कक्षा - दसवीं 'अ'

के.वि. मुजफ्फरनगर

समय

समय बहुत ही मूल्यवान है। हमें इसे नष्ट नहीं करना चाहिए, क्योंकि समय अगर एक बार चला गया तो वह फिर नहीं आएगा। हमें समय की कद्र करनी चाहिए। समय का सदुपयोग करना चाहिए। हम कई बार समय का दुरुपयोग करते हैं। जैसे कि मोबाईल में गेम खेलकर -, ज्यादा टी .वी. देखकर , फालतू की बातें करकर, खाली बैठकर आदि।

संस्कृत में कहा भी गया है कि समयेव करोति बलाबलम्" - ।"

अर्थात् समय ही व्यक्ति को कमजोर और बलवान बनाता है। समय का सदुपयोग करके ही ए.पी जे अब्दुल कलाम ने भारत के लिए. अच्छी मिसाइलें बनाई और मिसाइल मैन ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध हुए। डॉक्टर- . भ ीमराव आम्बेडकर ने भारत के संविधान का सपना साकार किया। ये सभी समय का सदुपयोग करके ही प्रसिद्ध हो गए। जो लोग समय का सदुपयोग करते हैं, वह ही अपने जीवन में कुछ कर पाते हैं और उनका भविष्य उज्जवल होता है, उन्हें समाज में इज्जत मिलती है। और जो लोग समय का दुरुपयोग करते हैं, वह अपने जीवन में कुछ नहीं कर पाते और उनका भविष्य धूमिल होता है, उन्हें समाज में इज्जत नहीं मिलती।

कबीर दास जी ने क्या खूब लिखा है-

कालि करे सो आज कर", आज करै सो अब।
पल में परलय होएगी, बहुरि करेगा कब।।"

अनुपम गोस्वामी
कक्षा - 7 'अ' (अशोक सदन)

"माँ" मैं आज भी तेरी बच्ची हूँ

घुटनों से रेंगते-रेंगते,
कब पैरों पर खड़ी हुई,
तेरी ममता की छाँव में,
जाने कब बड़ी हुई,
काला-टीका दूध मलाई
आज भी सब कुछ वैसा है,
मैं ही मैं हूँ हर जगह,
माँ प्यार ये तेरा कैसा है?
सीधी-साधी, भोली-भाली,
मैं ही सबसे अच्छी हूँ,
कितनी भी हो जाऊ बड़ी,
"माँ!" मैं आज भी तेरी बच्ची हूँ|

रिधिमा चौधरी
कक्षा - दसवीं 'अ'

के.वि. मुज़फ्फ़रनगर

जिंदगी जीना सिखा रही थी

कल एक झलक जिंदगी को देखा,
वह राहों पर मेरी गुनगुना रही थी,
फिर ढूँढ उसे इधर उधर-,
वह आँख मिचोली कर मुस्कुरा रही थी,
एक अरसे के बाद आया मुझे करार,
वह सहला के मुझे सुला रही थी,
हम दोनों क्यों खफा है एक दूसरे से ,
मैं उसे और वह मुझे समझा रही थी,
मैंने पूछ लिया क्यों इतना दर्द दिया कमबख्त तूने,
वह हँसी और बोली –
मैं जिंदगी हूँ पगले, तुझे जीना सिखा रही थी।

अनन्या वर्मा
कक्षा – 6 'अ' (टैगोर सदन)

कविता

लेती नहीं दवाई 'माँ', जोड़े पाई पाई-'माँ'।
दुःख थे पर्वत, राई 'माँ', हारी नहीं लड़ाई 'माँ'।
इस दुनियां में सब मैले हैं, किस दुनियां से आई 'माँ'।
दुनिया के सब रिश्ते ठंडे, गरमागर्म रजाई 'माँ'।
जब भी कोई रिश्ता उधड़े, करती है तुरपाई 'माँ'।
बाबू जी तनख़ा लाये बस, लेकिन बरक़त लाई 'माँ'।
बाबूजी थे सख्त मगर, माखन और मलाई 'माँ'।
बाबूजी के पाँव दबा कर, सब तीरथ हो आई 'माँ'।
नाम सभी हैं गुड़ से मीठे, मां जी, मैया, माई, 'माँ'।
सभी साड़ियाँ छीज गई थीं, मगर नहीं कह पाई 'माँ'।
घर में चूल्हे मत बाँटो रे, देती रही दुहाई 'माँ'।
बाबूजी बीमार पड़े जब, साथ साथ मुरझाई-'माँ'।
रोती है लेकिन छुपछुप कर-, बड़े सब्र की जाई 'माँ'।
लड़तेलड़ते-, सहतेसहते-, रह गई एक तिहाई 'माँ'।
बेटी रहे ससुराल में खुश, सब ज़ेवर दे आई 'माँ'।
'माँ' से घर, घर लगता है, घर में घुली, समाई 'माँ'।
बेटे की कुर्सी है ऊँची, पर उसकी ऊँचाई 'माँ'।
दर्द बड़ा हो या छोटा हो, याद हमेशा आई 'माँ'।
घर के शगुन सभी 'माँ' से, है घर की शहनाई 'माँ'।
सभी पराये हो जाते हैं, होती नहीं पराई 'माँ'।

पायल राठी
कक्षा 9 -'ब' (अशोक सदन)

कहानी का नाम सच्चा दोस्त -

इस कहानी में हमें दो दोस्तों के बारे में बताया गया है , जिसमें से लखन अपने परिवार के साथ गाजियाबाद शहर में रहता था और वैभव भी गाजियाबाद शहर में रहता था। यह दोनों बचपन से दोस्त थे, और वे अब बड़े और समझदार हो गए थे। लखन जब छोटा था तो उसके पिता की मृत्यु हो गई थी, उसके परिवार में उसकी दादी , मम्मी और एक बहन थी। उसके पापा का बहुत बड़ा कारोबार था, जिसे अब लखन संभाला करता था। लखन शुरू से ही बहुत समझदार था, लखन का सबसे अच्छा दोस्त वैभव था।

वैभव अच्छे घर से था पर लखन जितना अमीर नहीं था। उन दोनों को लोग सगा भाई समझते थे, वैभव के पिता किसान थे, उसके परिवार में उसकी मम्मी,पापा,बड़ी बहन और छोटा भाई था। अपने पिता के काम में ही हाथ बढ़ाया करता था।

लखन की दादी ने उसका रिश्ता मेघना नाम की लड़की से पक्का कर दिया था। मेघना लखन के पापा के दोस्त की लड़की थी। लखन के पापा की इच्छा थी कि लखन की शादी बड़े होकर मेघना से हो, इसलिए लखन की दादी ने लखन का रिश्ता मेघना से कर दिया था। मेघना की मां उसे बचपन में छोड़कर भाग गई थी। इसलिए उसके पापा ने उसे बचपन से लाड प्यार से पाला था, उसके पापा उसकी हर जिद पूरी करते थे, इसलिए वह बचपन से ही बिगड़ चुकी थी, वह बड़ों को सम्मान नहीं देती थी, वह अपने पिता के सिवा किसी और की नहीं सुनती थी, वह लखन से शादी करने के लिए इसलिए तैयार हो गई क्योंकि लखन के पास बहुत पैसा था। सगाई से हफ्ते पहले लखन की कंपनी लॉस में चली गई थी ।, जिससे लखन का बहुत बड़ा नुकसान हुआ था और जब यह बात वैभव और मेघना को पता चली तो मेघना ने उससे शादी करने के लिए मना कर दिया और वैभव लखन को बिना बताए अपने गांव चला गया और जब लखन ने वैभव से बात करने की कोशिश की तो वैभव ने बात नहीं की और लखन को लगा वैभव उसे छोड़कर चला गया है।

लेकिन सच्चाई यह थी कि वैभव लखन को दुखी नहीं देख सकता था तो उसने अपने हिस्से की जमीन बेचकर लखन के नुकसान की भरपाई कर दी। जिससे लखन का कारोबार दोबारा शुरू हो गया और मेघना उसके पास दुबारा लौटाई पर लखन ने शादी के लिए मना कर दिया क्योंकि लखन को एहसास हो चुका था कि सच्चा मित्र ही आपके बुरे वक्त में साथ देता है।

इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि सच्चा मित्र हमें किसी भी परिस्थिति में छोड़कर नहीं जाता है।

तेजस्वी लाम्बा
कक्षा 8 'अ' (रमन सदन)

मज़ेदार पहेलियाँ

1) हाथ और चेहरा है, लेकिन ये कुछ भी पकड़ या मुस्कुरा नहीं सकता है?

2) एक पैर और बाकि धोती, सावन मे वह अक्सर रोती?

3) ऐसा क्या है जिसे हम देख सकते है लेकिन छू नहीं सकते?

4) ऐसी कौन सी चीज़ है जो खुद नही देख सकती लेकिन दूसरी को रास्ता दिखाती है?

5) वह क्या है जो रात में रोती और दिन में सोती है?

उत्तर: 1) घडी 2) छतरी 3) सपना 4) लाठी 5) मोमबत्ती

हुमैरा
कक्षा - 10 'ब'

मेरे प्यारे - प्यारे पापा

मेरे दिल मे रहते पापा
मेरी छोटी सी खुशी के लिए
सब कुछ सह जाते पापा,
पूरी करते हर मेरी इच्छा
उनके जैसा कोई ना अच्छा,
मम्मी मेरी जब भी डांटे,
मुझे दुलारते मेरे पापा
मेरे प्यारे - प्यारे पापा

हुज़्ज़त फातिमा
कक्षा – 9 'ब'

माँ

मेरी माँ, प्यारी माँ, मेरी माँ
जब हँसती है तू तो फूल है झड़ता
जब रूठ ती है तू मेरा दिल है मुझसे लड़ता.
जब मुझे नींद नहीं आती है तो,
तू मुझे अपने आँचल मे सुलाती,
अगर मैं उठ जाता तो फिरसे लोरी सुनाती,
तूने है मेरी हर शरारत को सहा,
पर सच बोलूँ तो सिर्फ तू है मेरा जहाँ
अगर झूठ बोलूँ तो सब कुछ है मेरे पास,
अगर सच बोलू तो सिर्फ तू है मेरे पास|

मुबस्सिर अहमद - 8 'अ'

कहानी- मौन की शक्ति

एक गांव में एक बुढ़िया रहती थी | वह बड़े ही झगड़ालू किस्म की थी| रोज किसी न किसी गाँव वाले से बिना किसी बात के झगड़ा करती थी| गांव वालों ने उसकी इस आदत से परेशान होकर एक दिन एक सभा बुलाई और यह निर्णय लिया गया कि बुढ़िया अब बारी बारी से एक घर को चुनेगी और उस दिन उससे ही लड़ेगी- जिसकी बारी आएगी| बुढ़िया ऐसे ही करने लगी एक बार गांव के प्रधान के बेटे की शादी थी घर में नई नई- दुल्हन आई थी, घर वाले सभी परेशान थे क्योंकि आज प्रधान के घर बुढ़िया लड़ने के लिए आने वाली थी| दुल्हन ने अपनी सास को परेशान देखा तो परेशानी का कारण पूछा| प्रधान की पत्नी ने उसे सारी बात बताई| दुल्हन ने कहा माँ जी घबराओ नहीं, जब बुढ़िया लड़ने के लिए आएगी तो मुझे बता देना| बुढ़िया अपने समय पर लड़ने के लिए आ गई और जोर से झगड़ा करने लगी| तभी दुल्हन ने लंबा सा घूँघट निकाला और घर की चौखट पर बैठ गई| जब बुढ़िया बोलबोल कर थक जाती तो दुल्हन उसे ठेंगा दिखा देती-| बुढ़िया फिर लड़ने लगती इस प्रकार बुढ़िया बोल बोल कर मर गई और गांव वालों को बुढ़िया से छुटकारा मिल गया और मौन- की शक्ति का पता चला|

लावण्या – 6 'अ'

चिड़िया की आशा

तिनका तिनका जोड़ कर, घरौंदा नया बनाया,
जिस डाल पर घरौंदा बनाया, वह डाल टूट कर बिखर गई,
नई उम्मीद और आशा के साथ, चिड़िया ने भरी उड़ान,
नई डाल पर जाकर उसने, नवजीवन पाया।

सृष्टि आर्य
कक्षा - 4 'ब'

माँ की ममता

घुटनों से रेंगते रेंगते,
कब पैरों पर खड़ी हुई|
तेरी ममता की छांव में,
जाने कब में बड़ी हुई|
काला टीका दूध मलाई,
आज भी सब कुछ वैसा है|
मैं ही मैं हूं हर जगह,
मां प्यार ये तेरा कैसा है?
सीधी सादी, भोलीभाली -
मैं ही सबसे अच्छी हूं
कितनी भी हो जाऊं बड़ी
मां मैं आज भी तेरी बच्ची हूं

अदिति
कक्षा – 8 'अ'

कविता

स्वच्छ, स्वच्छ, भारत को स्वच्छ बनाना है।
इस जहाँ में हिंद को श्रेष्ठ कहलवाना है।
झगड़ते रहते हैं भाई, हिंदूमुस्लिम कहकर-,
हर भारतीय को हमें एक बनाना है।
आग में झोंक दो सारी कुरीतियों को,
गरीबी से देश का पीछा छुड़वाना है।
एकता का प्रतीक तो हमें कहा जाता है,
बस खुद को पवित्रता की देवी बनाना है।
सुबह उठकर जो बच्चे काम पर जा रहे हैं,
बस उनके हाथों में किताब को लाना है।
प्रगतिशील है देश हमारा, बस उसे अब विकसित बनाना है,
स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत एक विश्व में अग्रणी भूमिका में लाना है।

नाजिया
कक्षा - 9 'ब' (अशोक सदन)

के.वि. मुजफ्फरनगर

कोशिश कर

कोशिश कर हल निकलेगा,
आज नहीं तो कल निकलेगा,
अर्जुन सा लक्ष्य रख निशाना लगा ,
मरुस्थल से भी फिर जल निकलेगा,
मेहनत कर पौधों को पानी दे,
बंजर में भी फिर फल निकलेगा,
ताकत जुटा हिम्मत को आग दे,
फौलाद का भी बल निकलेगा,
सीने में उम्मीदों को जिंदा रख,
समंदर से भी गंगाजल निकलेगा,
कोशिशें जारी रख,
कुछ कर गुजरने की,
जो कुछ थमा थमा है चल निकलेगा,
कोशिश कर हल निकलेगा,
आज नहीं तो कल निकलेगा।

सक्षम बलियान - 5 'ब'

चिड़िया

कभी पेड़ पर कूदती, कभी पानी में नाचती,
छोटी-छोटी लकड़ियों से यह, अपना घर बनाती,
ना ही किसी को सताती, ना ही किसी को रुलाती,
अपनी चहचाहट से सबको, सुबह उठाती,
फिर भी ना जाने क्यों, पिंजरे में कैद पाई जाती।

सारा खान - 5 'अ'

बचपन

वह बचपन भी कितना सुहाना था,
जिसका रोज एक नया फसाना था,
कभी पापा के कंधों का,
तो कभी मां के आंचल का सहारा था,
कभी बेफिक्रे मिट्टी के खेल का,
तो कभी पतंग ना पकड़ पाने का पछतावा था,
कभी बिन आंसू रोने का तो,
कभी बात मनवाने का बहाना था,
सच कहूं तो वह दिन ही हसीन थे,
ना कुछ छुपाना, और दिल में जो आए बताना था।

अभिनव कुलश्रेष्ठ - 5 'अ'

कवि. मुज़फ्फरनगर

सब्जी और टॉफी

एक बार सब्जी और टॉफी में
जमकर छिड़ी लड़ाई।
सारी धरती काँप उठी।
थी भारी आफत आई।
टॉफी बोली मीठी मैं
बच्चों के दिल की रानी
मुझे देखते ही उनके
मुंह में आ जाता पानी।
शक्ल देखते ही तेरे
बच्चों के आंसू आते
खाते नहीं अगर तुझको।
तो मम्मी की डांट है खाते।
और कद्दू परवल टिंडा
पालक कच्चा केला
हटो हटो मेरे आगे से
वरना छेड़े झमेला।
यह सुनकर सब्जी भरी
क्रोध से जोर लगाए चिल्लाई।
मुंह की मीठी तुम जरूर हो
पर हो दिल की काली
चमक रहे इन रंगों में
बच्चे भगाने वाली।
यह सुनकर टॉफी बेचारी हुई
शर्म से पानी।
टॉफी जितना अकड़ रही थी
सब्जी ने सारी अकड़ उतारी।

श्रेष्ठ बहोत - 4 'अ'

मां

आप दुनिया में केवल एक ही हो। मेरी हर इच्छा पूरी करने वाली, मेरे दिल में हमेशा रहने वाली, मुझे बढ़िया खाना खिलाने वाली, हर समय मेरी चिंता करने वाली, मेरे दुखों को दूर करती है मेरी मां।

आप दुनिया में केवल एक ही हो। हर जगह मुझे सहयोग देने वाली, दिल से प्यार करने वाली, मुझे अपने प्यारे हाथो से खाना खिलाने वाली, मेरे साथ रात में अंधकार को दूर कर सुलाने वाली, अतः मेरे जीवन में खुशियां लाने वाली मेरी मां |

अथर्व शर्मा

कक्षा - 5 'अ'

के.वि. मुजफ्फरनगर

लौट चला चल उड़ते पंछी

लौट चला चल उड़ते पंछी, तेरा घोंसला पीछे छूट रहा
तू दिल जोड़ रहा उस बगीचे से, इस बगीचे से रिश्ता टूट रहा
मेरा देश है जन्नत का टुकड़ा, इससे सुंदर है जहां, कहाँ
क्यों प्रदेश में खुशियां ढूंढे तू, क्या रखा है यहां वहां
दिवाली के दीप से जगमग, है प्यार में डूबी
अलग है बोली देखो पगपग, यही तो इस माटी की खूबी
देश मेरा त्योंहारो का, देश मेरा उपहारों का
क्या हिंदू और क्या मुस्लिम, देश मेरा है सारों का
यह रंगों से भरी एक दुनिया है, फीका है इंद्रधनुष भी यार
ऐसे रंग कहां दुनिया में, फिर क्यों है पराये मुल्क से प्यार
रिश्तो का देश तो भारत है, पड़ोसी को भी करते हां
मां बाप जहां पराए हो, तू पाएगा क्या प्यार वहां
बर्फीली है नदिया , कहीं रेत की चादर लिपटी है
कहीं आसमां को छूती इमारत है, तो कहीं गांव की सोंधी मिट्टी है
भगत सिंह का शौर्य भी है, शेरशाह की गोली भी
मंगल को भी मुट्ठी में कर ले, ऐसी साइंटिस्ट की डोली भी
रवि कुमार दहिया की कुश्ती है, मीराबाई की फौलादी बाजू भी
तू क्या नापेगा इस मिट्टी का दम, है कोई ऐसी तराजू भी
चलो माना सूरत अभी और संवरनी है, भारत की कश्ती अभी और संवरनी है,
मां में कमी दिखे जिन आंखों को, मुझे हर वो आंख बदलनी है,
लोट चला चल ओ उड़ते पंछी, तेरा घोंसला पीछे छूट रहा,
तू दिल जोड़ रहा उस दुनिया से, इस बगीचे से रिश्ता टूट रहा |

हर्षित कुमार - 8'अ' (शिवाजी सदन)

पानी

मैं हूँ पानी न्यारा प्यारा, सबकी आँखों का मैं तारा।
मत बरबाद करो मुझको, वरना पछताओगे तुम |
मुझको तुम मत खोना, वरना तुम को पड़ेगा रोना।
मैं जाता ऊपर गर्मी से, फिर बारिश बनके मैं आता।
मैं हूँ सब के लिए खास , जीवन की एक मात्र आस।
पानी है अनमोल रतन, बचाने का करो पूरा जतन !
पानी स्रोत होते हैं सागर और नदी,
पानी खत्म न हो किसी भी सदी।

अनुराग गोस्वामी
कक्षा – 5 'अ' (अशोक सदन)

बारिश

बारिश आई छम छम,
लेकर छाता निकले हम,
पैर फिसला गिर गए हम,
चोट लगी और रोए हम,
बारिश आई छम छम,
लेकर साइकिल निकले हम,
साईकिल फिसली गिर गए हम,
चोट लगी और रोए हम,
बारिश आई छम छम,
बैठे हुए बोर हुए हम,
क्यों ना नाव बनाए हम ,
पानी में बहाए हम,
बारिश आई छम छम |

चारु - 4 'ब'

स्कूल की पत्रिका

आ गई है स्कूल की पत्रिका
छा गई है स्कूल की पत्रिका
बच्चों के दिल में समा गई पत्रिका
हर जगह वह तो छा गई पत्रिका
मेरा फोटो आया है
स्कूल की मैगजीन में छाया है
दिल में खुशियां लाया है
दोस्तों को भाया है
मेरे लेखन का सुधार होता
जीवन का सुधार होता
आ गई है स्कूल की पत्रिका
छा गई है स्कूल की पत्रिका

विशाखा
कक्षा - 4 'अ'

के.वि.मुजफ्फरनगर

के. वि. एस. स्थापना दिवस

जल संरक्षण दिवस



पृथ्वी दिवस

8 वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

संस्कृत अनुभाग

मम् विद्यालयः

1-मम विद्यालयः नाम केंद्रीयविद्यालय : अस्ति।
2-मम विद्यालयः सुन्दरः अस्ति।
3-मम विद्यालये एकः पुस्तकालयः अस्ति।
4-मम विद्यालयस्य भवनम् विशालम् अस्ति।
5-मम विद्यालये एका वाटिका अस्ति।
6-विद्यालयस्य एकः मुख्यद्वारः अस्ति।
7-मम विद्यालये बहवः छात्राः सन्ति।
8-मम विद्यालये बालिकाः अपि पठन्ति।
9-सायकाले अत्र छात्राः क्रीडन्ति।
10-सर्वे बालकाः पंक्तिबद्ध भूत्वा तिष्ठन्ति।

स्नेहा
कक्षा – 8 ‘ब’

संस्कृतभाषायाः महत्त्वम्

संस्कृत भाषा अस्माकं देशस्य प्राचीनतमा भाषा अस्ति। प्राचीनकाले सर्वे एव भारतीयाः संस्कृतभाषाया एव व्यवहारं कुर्वन्ति स्म। कालान्तरे विविधाः प्रान्तीयाः भाषाः प्रचलिताः अभवन्, किन्तु संस्कृतस्य महत्त्वम् अद्यापि अक्षुण्णं वर्तते। सर्वे प्राचीनग्रन्थाः चत्वारो वेदाश्च संस्कृतभाषायामेव सन्ति। संस्कृतभाषा भारतराष्ट्रस्य एकतायाः आधारः अस्ति। संस्कृतभाषायाः यत्स्वरूपम् अद्य प्राप्यते, तदेव अद्यतः सहस्रवर्षपूर्वम् अपि आसीत्। संस्कृतभाषायाः स्वरूपं पूर्णरूपेण वैज्ञानिक अस्ति। अस्य व्याकरणं पूर्णतः तर्कसम्मतं सुनिश्चितं च अस्ति।
आचार्यदण्डिना सम्यगेवोक्तम् -
भाषासु मुख्या मधुरा दिव्या गीर्वाणभारती।"
अधुनाऽपि सङ्गणकस्य कृते संस्कृतभाषा अति उपयुक्ता अस्ति। संस्कृतभाषैव भारतस्य प्राणभूता भाषा अस्ति। राष्ट्रस्य ऐक्यं च साधयति। भारतीयगौरवस्य रक्षणाय एतस्याः प्रसारः सर्वैरेव कर्तव्यः। अतएव उच्चते- ‘संस्कृतिः संस्कृताश्रिता।'

आदित्य
कक्षा – 9 ‘अ’

मम प्रियः कविः

मम प्रियः कविः कालिदासः अस्ति । सः संस्कृतभाषायाः श्रेष्ठतमः कविः अस्ति । यादृशः रस प्रवाहः- कालिदासस्य काव्येषु विद्यते तादृशः अन्यत्र नास्ति । सः कविकुलशिरोमणिः अस्ति । कालिदासेन त्रीणिनाटकानि, (मालविकाग्निमित्रम्, विक्रमोर्वशीयम्, अभिज्ञानशाकुन्तलम् च रघुवंशम्) द्वे महाकाव्ये (च रचितानि । (मेघदूतम् ऋतुसंहारम् च) द्वे गीतिकाव्ये (कुमारसम्भवं च

कालिदासस्य लोकप्रियतायाः कारणं तस्य प्रसादगुणयुक्ता ललिता शैली अस्ति । कालिदासस्य प्रकृतिचित्रणं अतीवरम्यम् अस्ति चरित्रचित्रणे कालिदासः अतीव पटुः अस्ति ।
कालिदासः महाराजविक्रमादित्यस्य सभाकविः आसीत् । अनुमीयते यत्तस्य जन्मभूमिः उज्जयिनी आसीत् । मेघदूते उज्जयिन्याः भव्यं वर्णनं विद्यते । कालिदासस्य कृतिषु कृत्रिमतायाः अभावः अस्ति । कालिदासस्य उपमा प्रयोगः अपूर्वः । अतः साधूच्यते -'उपमा कालिदासस्य । '

रिज़ा
कक्षा – 10 'अ' (अशोका सदन)

अनुशासनम्

समाजे नियमानां पालनम् अनुशासनं भवति । जीवने अनुशासनस्य विशेषं महत्त्वं भवति । प्रत्येक पदे अनुशासनम् आवश्यकं भवति । अनुशासनं विना किमपि कार्यं सफलं न भवति। छात्रेभ्यः अनुशासनं परमावश्यकम् अस्ति । अनुशासितः सर्वेभ्यः प्रियः भवति । सामाजिकव्यवस्थाहेतु अनुशासनं अत्यन्तावश्यकम् अस्ति । यस्मिन् समाजे अनुशासनं न भवति तत्र सदैव कलहः भवति। शिक्षकस्य अनुशासने छात्राः निरन्तरं उन्नतिपथे गच्छन्ति । प्रकृतिः अपि ईश्वरस्य अनुशासने तिष्ठति । यः नरः पूर्णतया अनुशासन पालयति सः स्वजीवने सदा सफलः भवति । अतः अनुशासनस्य पालनं जीवने बहु आवश्यकं भवति।

सोहा
कक्षा – 10 'अ' (अशोका सदन)

सुभाषितानि

गङ्गाजलस्य पानेन किम्
व्रतानामनुष्ठानेन किम्
तीर्थानां यातेन किम्
यदि भावशुद्धिर्नास्ति।

गङ्गाजल का पान करने से क्या? व्रतों का पालन करने से क्या? तीर्थयात्रा करने से भी क्या प्रयोजन? यदि भावशुद्धि नहीं है। यह कवि का सीधे कल्पना-सीधे कर्मकाण्ड पर प्रहार है। संस्कृत सर्जना परम्परा कपोल-पर आश्रित नहीं है अपितु वर्तमान युग बोध का सूक्ष्मता से निरूपण करती है।

दिव्यांश सिंह
कक्षा – 8 'ब'

सुभाषितम

जाड्यं धियो हरति सिंचति वाचि सत्यं , मानोन्नतिं दिशति पापमपाकरोति | चेतः प्रसादयति दिक्षु तनोति कीर्तिं , सत्संगतिः कथय किं न करोति पुंसाम् ||

जाड्यं धियो हरति सिंचति वाचि सत्यं , मानोन्नतिं दिशति पापमपाकरोति | चेतः प्रसादयति दिक्षु तनोति कीर्तिं , सत्संगतिः कथय किं न करोति पुंसाम् || अर्थात् **अच्छे मित्रों का साथ बुद्धि की जड़ता को हर : लेता है,वाणी में सत्य का संचार करता है, मान और उन्नति को बढ़ाता है और पाप से मुक्त करता है | चित्त को प्रसन्न करता है और कीर्ति को सभी दिशाओं में फैलाता है(हमारी)|(आप ही कहें कि (सत्संगतिः मनुष्यों का कौन सा भला नहीं करती|**

कुँजल वर्मा

कक्षा – 7 'अ'

संस्कृतशिक्षिका

एषा मम संस्कृतशिक्षिका हर्षदा।
एषा सरलं सुगमं च पाठयति।
सा छात्रैसह स्नेहेन आचरति :
तस्याः उच्चारणम् अतीव स्पष्टा |
सा श्लोकान् सम्यक् गायति।
सा पाठने आधुनिकसाधनानाम् उपयोगं करोति।-
वयं संस्कृतवर्गे न केवलं पठाम अपि तु भाषाक्रीडया :
।:आनन्दम् अनुभवाम
तेन अस्माकं संस्कृतरुचिवर्धते :
सा छात्रान् ग्रन्थालयं नयति।
विविधानि पुस्तकानि दर्शयति।
वयं तानि पुस्तकानि आनन्देन पठाम।:
मम संस्कृतशिक्षिकायाव्यक्तिमत्त्वं प्रसन्न :
तस्याः अध्यापनेन वयं सन्तुष्टाभवाम। :

अक्षय पाल

कक्षा - 7 'अ'

वृक्षानां महत्त्वम्

वृक्षाः जनान् स्वच्छम् वायुः ददाति। वृक्षाः पर्णैः पुष्पैः च शोभन्ते। अस्य वर्णः हरितः भवन्ति । वृक्षः कार्बोनडाई ऑक्साइड ग्राहयति ओक्सीजेन च वमति। वृक्षाः प्राणरहिताः जडपादार्थाः न। तेषामपि प्राणोऽस्ति। तेऽपि रोगग्रस्ता भवन्ति। वृक्षाः पादैः पातालं स्पृश्यन्ति। वृक्षाः पदैः जलं पिबन्ति। (मूलैः) वृक्षे काकः, चातकः शयेन च तिष्ठन्ति। वृक्षेषु भ्रमराः भ्रमन्ति मधुपानं च कुर्वन्ति। वानरः वृक्षेषु कुर्दन्ति। वृक्षेण फलानि विकसन्ति। जनाः वृक्षाणां फलानि भक्षयन्ति। वृक्षाः परोपकाराय फलन्ति। उक्तमच-

परोपकाराय फलन्ति वृक्षाः,परोपकाराय वहन्ति नद्यः।
परोपकाराय दुहन्ति गावः,परोपकारार्थमिदं सर्वम्।।

धैर्य शर्मा – 6 'अ'

सदाचारः

(आचारस्य महत्त्वम् / :परमो धर्म :आचार)

अस्माकं भारतीया संस्कृति द्विविधः :प्रधाना अस्ति। आचार-आचार : भवति दुराचारः सदाचारः च।- सताम् आचारः सदाचारः इत्युच्यते। सज्जनाः विद्वांसो च यथा आचरन्ति तथैव आचरणं सदाचारो भवति। सज्जनाः स्वकीयानि इन्द्रियाणि वशे कृत्वा सर्वैः सह शिष्टतापूर्वकं व्यवहारं कुर्वन्ति। ते सत्यं वदन्ति, मातुः पितुः गुरुजनानां वृद्धानां ज्येष्ठानां च आदरं कुर्वन्ति तेषाम् आज्ञां पालयन्ति, सत्कर्मणि प्रवृत्ता भवन्ति।

जनस्य समाजस्य राष्ट्रस्य च उन्नत्यै सदाचारस्य महती आवश्यकता वर्तते। सदाचारस्याभ्यासो बाल्यकालादेव भवति। सदाचारेण नरः धार्मिकः, शिष्टो, विनीतो, बुद्धिमान् च भवति। संसारे सदाचारस्यैव महत्त्वं दृश्यते। ये सदाचारिणः भवन्ति, ते एव सर्वत्र आदरं लभन्ते यस्मिन् देशे जनाः सदाचारिणो भवन्ति तस्यैव सर्वतः उन्नतिर्भवति। अतएव महर्षिभिः इत्युच्यते। "परमो धर्मः :आचार " सदाचारी जनः परदारेषु मातृवत् परधनेषु लोष्ठवत्, सर्वभूतेषु च आत्मवत् पश्यति। सदाचारीजनस्य शीलम् एव परमं भूषणम् अस्ति।

विनय कुमार
टी.जी.टी. संस्कृत

सरस्वती देवी

सरस्वती विद्याः देवी अस्ति।
